सब झूमो नाचो वो आने वाला है | by Mukesh Bagda

सब झूमो नाचो वो आने वाला है
पगड़ी बाँध रहा है लीले चढ़ने वाला है

लगाया जयकारा ऐसा सुनाई दे गया उसको
लगी है भीड़ भक्तों की दिखाई दे गया उसको
हम बाराती बाबा दूल्हा बनने वाला है
पगड़ी बाँध रहा है लीले चढ़ने वाला है

हमारी किस्मत तो देखो मेरे सरकार आएंगे
गुज़ारा हो रहा जिनसे वही दातार आएंगे
सब झूमो नाचो वो आने वाला है
हम फरियादी वो दरबार लगाने वाला है

मिलेगा सारे भक्तों को खज़ाना साथ लाएगा
कोई ना खाली जायेगा सभी के हाथ आएगा
सब झूमो नाचो वो आने वाला है
जमा किया है जो भी आज लुटाने वाला है

पहुँचने वाला है भक्तों ज़रा कीर्तन करो जमकर
ज़रा स्वागत में बनवारी दिखाओ सारे नच नचकर
जमा नहीं जैसा रंग जमने वाला है
भक्तों के संग श्याम धणी खुद नाचने वाला है
सब झूमो नाचो ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%ac-%e0%a4%9d%e0%a5%82%e0%a4%ae%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%9a%e0%a5%8b-%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by/